# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 09.08.2025 सिद्धार्थनगर पुलिस।**

***◆थाना इटवा पुलिस व जनपदीय एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम थाना इटवा क्षेत्र में अकलिमा हॉस्पिटल संचालक के घर मे हुई लाखों की चोरी (जेवरात व नगदी) की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना मे संलिप्त 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर।***

***◆कब्जे से भारी मात्रा में चोरी किये गये जेवरात शत-प्रतिशत(कीमत लगभग 17 लाख), 07 लाख 80 हजार रुपया नगद आदि बरामद।***

**दिनांक 31.07.2025 को कस्बा इटवा में स्थित डाक्टर ओसामा रब्बानी के घर में चोरी की घटना हुई थी। जिसके सम्बन्ध में वादी डाक्टर ओसामा रब्बानी पुत्र गुलाब रब निवासी कस्बा इटवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर की लिखित तहरीरी सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 141/2025 धारा 331(4)/305(A) भारतीय न्याय संहिता-2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। चोरी की घटनाओं के अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में श्यामसुन्दर तिवारी प्रभारी निरीक्षक इटवा के नेतृत्व में छोटेलाल निरीक्षक थाना इटवा, उ0नि0 जीवन त्रिपाठी प्रभारी एसओजी, उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम द्वारा मुखबिर की खास सूचना पर अभियुक्त अशफाक खान पुत्र मकबूल खान निवासी बिरवापुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को चोरी के माल के साथ थानाक्षेत्र इटवा के पिपरा मुर्गिहवा पुल के पास से आज दिनांक 09.08.2025 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी के जेवरात, 07 लाख अस्सी हजार नगद आदि बरामद किये गये।**

**नोट- वादी तथा वादी की पत्नी को चोरी के जेवरात दिखाने थाना इटवा पुलिस को बताया गया कि जो जेवरात उनके घर से चोरी हुए थे वहीं सब है तथा पुलिस की कार्यवाही से हम लोग काफी खुश है।**

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

**01-अशफाक खान पुत्र मकबूल खान निवासी बिरवापुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।**

## बरामदगी का विवरण-

**01. ₹7,80, 000/- ।**

**02. एक अदद चौकहार गले का, 01 अदद रानी हार, 02 अदद नेकलेश, 02 अदद कंगन, 01अदद छपका, 01 अदद मांगटीका, 02 अदद टप्स, 04 अदद बाली, 05 अदद छोटा बड़ा छाला, 05 अदद अंगुठी, 01 अदद नाक की कील, 01 अदद गले का चैन, 01 अदद लाकेट (पीली धातु)।**

**03.एक अदद चैन, 03 अदद बिछुआ, 04 अदद पायल सफेद धातु।**

## पूछताछ का विवरण-

**अभियुक्त द्वारा पूछताछ मे बताया कि मै बहुत कर्ज मे हो गया था, पत्नी को JNM मे एडमिशन कराना था और अकलिमा हॉस्पिटल मे प्रैक्टिस करती है। मेरी सास की बहन अकलिमा (अकलिमा हॉस्पिटल की संचालिका) अक्सर ग्राम हिंगुआ अपने भाई पिंटू के घर खाने-पीने सपरिवार जाती थी कि दिनांक-31.07.25 को मै भी उन लोगों के साथ गया था। वहाँ खाना बनने मे समय था तो मै वहीं अपनी मोबाइल छोड़कर चोरी करने के लिए अकलिमा हॉस्पिटल आ गया। मै पुराने घर के बगल से कैमरे से बचते हुये कमरे मे घूसा और चोरी करने के बाद नेपाली गुटखा फेंककर मोटर साइकिल (जो अकलीमा के भाई पिंटू का था) से अपने गाँव बिरवापुर कब्रिस्तान के बगल मे घाँस-फुंस के झाली मे माल को छिपा दिया और तुरंत अकलिमा हॉस्पिटल आ गया ताकि कोई शक न करे। मै आज उक्त माल को लेकर बाहर निकलने वाला था कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया।**

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

**01.नि0 छोटेलाल थाना प्रभारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.उ0नि0 जीवन त्रिपाठी प्रभारी एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.उ0नि0 हरेन्द्र चौहान प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04.उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**05.मु0आ0 राजीव शुक्ला, मनोज राय, दिलीप कुमार, आशुतोषधर दूबे, आरक्षी वीरेंद्र तिवारी, रोहित चौहान, सत्येन्द्र यादव, छविराज यादव एसओजी जनपद सिद्धार्थनगर।**

**05.मु0आ0 जनार्दन प्रसाद, विवेक मिश्रा,पुष्पेन्द्र, आरक्षी अभिनन्दन, संजीव गोयल सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**

**06.आरक्षी प्रवीन कुमार, नरेन्द्र देव चौहान, रबिश यादव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 09.08.2025 सिद्धार्थनगर पुलिस।**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को रक्षाबंधन के पर्व पर प्रजा पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भीमापार थाना सिद्धार्थनगर की छात्राओं द्वारा राखी बांधी गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें रक्षाबंधन त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी तथा उनकी रक्षा /सुरक्षा के प्रति भी आश्वस्त किया गया।**

आज दिनांक 09.08.2025 को रक्षाबंधन के पर्व पर प्रजा पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भीमापार थाना सिद्धार्थनगर की छात्राओं द्वारा राखी बांधी गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें रक्षाबंधन त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी तथा उनकी रक्षा /सुरक्षा के प्रति भी आश्वस्त किया गया तथा उनकी सुरक्षा का वचन दिया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 09.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार रक्षाबंधन, श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 09.08.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार रक्षाबंधन, 15 अगस्त, चेहल्लुम एवं जन्माष्टमी, श्रावण मास/ कॉवड़ यात्रा व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 09.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा रक्षाबंधन त्यौहार के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चेक किया गया एवं यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु कस्बा बांसी में भ्रमण किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा प्रभारी निरीक्षक बांसी के साथ बांसी थानाक्षेत्र के कस्बा बांसी में रक्षाबंधन त्यौहार के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे पुलिस बल को चेक किया गया सभी जवान अपने-अपने ड्यूटी के स्थान पर सतर्क व मुस्तैद पाये गये । क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना बांसी पुलिस के साथ कस्बा बांसी में यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु कस्बा बांसी में भ्रमण किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 09.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा अपहरण के आरोपी/वांछित को गिरफ्तार कर माननीय नयायालय भेजा गया एवं सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता को बरामद किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार के नेतृत्व मे थाना उसका बाजार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 103/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित को रेलवे स्टेशन उसका बाजार से गिरफ्तार कर सम्बन्धित पीड़िता/अपहृता को बरामद किया गया एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार वांछित का विवरण-**
**01-ओमप्रकाश पुत्र स्व0 राजू राउत निवासी चम्पापुर थाना पताही जनपद पूर्वी चम्पारण मोतिहारी राज्य बिहार।**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**
**1.उ0नि0 अमरनाथ राम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**2.का0 अभिषेक यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**
**3.म0का0 माला मौर्या थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 09.08.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆प्रभारी निरीक्षक महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा रक्षाबन्धन पर्व के उपलक्ष्य मे वृद्धा आश्रम पुरानी नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर मे बुजुर्ग भाइयो को राखी बांधकर मिष्ठान तथा फल वितरण किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय द्वारा आज दिनांक 09.8.2025 को रक्षाबन्धन पर्व के उपलक्ष्य मे वृद्धा आश्रम पुरानी नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर मे बुजुर्ग भाइयो को राखी बांधकर मिष्ठान तथा फल वितरण किया गया, जिससे वृद्धजनो के चेहरे खिल उठे।**